Bareilly, Sunday,
27 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

# 'कम जॉब में इंटरप्रिन्योरशिप ही विकल्प'

## सीईटी में तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' का हुआ सफल आयोजन



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (26 April):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) में आयोजित तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को सिर्फ जाब के लिए पढ़ाई न कर इंटरप्रिन्योर बनने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि एआइ के दौर में जाब की संख्या कम हो रही है. ऐसे में युवाओं के पास टेक्नोलाजी में दक्ष होकर इंटरप्रिन्योर बनने का सुनहरा मौका है.

### आपको रखेगी आगे

देव मूर्ति ने कहा कि एआइ के दौर में टेक्नोलाजी में विशेषज्ञता ही आपको आगे रखेगी. टेकव्योम जैसे कार्यक्रम आपके लिए बड़ा मंच हैं. यहां एक-दूसरे से सीखिए और आगे बढ़िए. उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा मे‍ं अच्छे नंबर लाकर एसआरएमएस ट्रस्ट की स्कालरशिप हासिल करने का आह्वान किया. टेकव्योम में विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्राफी के साथ ही 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई.

### राष्ट्र स्तरीय महोत्सव 'टेकव्योम-2025' का आरंभ हुआ

एसआरएमएस सीईटी में शनिवार को राष्ट्र स्तरीय तकनीकी महोत्सव 'टेकव्योम-2025' का आरंभ हुआ. 'एआइ संचालित भारत: नवाचार, समावेशन, प्रभाव' विषय पर विद्यार्थियों के ग्रुप टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में टेकगैलरी, टैकिनकल टाक, अविष्कारक, रोबो युद्ध, रिसर्च पेपर एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह समेत 32 इवेंट आयोजित हुए. देर शाम सभी इवेंट के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा हुई. समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि 23 साल पहले वर्ष 2002 से पहली बार टेकव्योम का आयोजन टायरो क्लब की ओर से किया गया.